प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/37 दिनांकः 02 मई, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेष,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सन्दर्भ में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की परीक्षाओं गत् वर्ष / सेमेस्टर की भाँति ऑफ–लाइन मोड में दो चरणों में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त सेमेस्टर परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं का निम्न तालिका में निर्धारित कार्यक्रम / तिथि के अनुसार परीक्षा फार्म भरने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु विश्वविद्यालय का ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम	सेमेस्टर	परीक्षा फार्म भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि / कार्यक्रम
1	B.Tech & B.Pharm	6^{th} & 8^{th}	**दिनांक 03 मई, 2023 से दिनांक 15 मई, 2023 को सायः 5.00 बजे तक (प्रथम चरण की परीक्षाओं हेतु)**
2	B.Arch, MBA (INT), MCA-DD, MCA (INT.) & MAM	4^{th}, 6^{th} ,8^{th} & 10^{th}	
3	BHMCT, BFA , BFAD, M.Tech (INT)	4^{th}, 6^{th} & 8^{th}	
4	B.VOC.	4^{th} & 4^{th}, 6^{th}	
5	MBA (All), MCA, M.Arch, M.Tech & M.Pharm & MURP	4^{th}	
6	क्रमांक 01 से 05 पर अंकित पाठ्यक्रमों एवं उनके सेमेस्टरों की परीक्षाओं के अतिरिक्त अन्य के द्वितीय चरण की परीक्षाओं हेतु		दिनांक 03 मई, 2023 से दिनांक 30 मई, 2023 को सायः 5.00 बजे तक

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय के आर्डिनेन्स / नियमों के अर्न्तगत आने वाले छात्र / छात्राओं को उक्त कार्यक्रम / तिथि के अनुसार विश्वविद्यालय के ई0आर0पी पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

02/5/2023

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

COELETTER-906